## संक्षिप्त

### खुशी सैनी ने नाम रोशन किया

**बस्सी, (निसं)।** सरकारी स्कूल की छात्राओं ने इस बार बोर्ड परीक्षा में



सभी को पछाड़ दिया है। कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2023 के कला वर्ग परिणाम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोजवाडी बस्सी में खुशी सैनी ने 86 दशमलव 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रजवास गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसने ने इसका श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। गौरतलब है कि छात्रा के माता-पिता दोनों ही खेती का कार्य करते हैं लेकिन फिर भी हमेशा पढ़ने के लिए मोटिवेट करते रहते हैं।

### सांसद का आभार जताया

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव तथा सांसद महंत बालक नाथ और बलवान सिंह प्रथम जिलाध्यक्ष भाजपा अलवर उत्तर के प्रयासों से भारत सरकार नई दिल्ली के सांसद कोष से बहरोड़ के न्यायालय परिसर में वकीलों व पक्षकारों के बैठने के लिए आरसीसी निर्मित शेड के निर्माण हेतु 30 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत करने पर अभिभाषक संघ बहरोड़ के अध्यक्ष हंसराज यादव एवं समस्त अधिवक्ताओं ने आभार प्रकट किया।

### सटोरियों पर कार्यवाही जारी

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर में अवैध सट्टा व्यापार में लिप्त सटोरियों पर थाना पुलिस द्वारा बीते एक पखवाड़े से की जा रही कार्यवाही के क्रम में गुरूवार को थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि पुलिस टीम ने गुरूवार को कार्यवाही करते हुए सट्टा व्यापार में लिप्त इमरान अली पुत्र अब्दुल मन्नान निवासी मौहल्ला सादात मालपुरा को गिरफ्तार किया।

### चिकित्सा परामर्श शिविर आज

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्व. चंद्र मणिशर्मा धर्मार्थ चिकित्सा संस्थान श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को प्रातः 9 से 12 बजे तक निःशुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी व समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल ने अधिक से अधिक भाग लेने का आव्हान किया।

# महासंगम को सफल बनाने के लिए माली समाज ने भरी हुंकार



फुलेरा में बैठक के दौरान पोस्टर का विमोचन किया।

■ महासंगम के पोस्टर का फुलेरा में किया विमोचन

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में गुरुवार को माली सैनी समाज संस्था की एक सामूहिक बैठक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में माली महासंगम के प्रभारी गुलाब चन्द इन्दौरा रहे, तो वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के नेता किरोड़ी लाल, भामाशाह दिनेश सैनी चौमूं, सुभाष सैनी महरौली, ओमप्रकाश सैनी, महेश सैनी रहे। बैठक माली, सैनी, कुशवाहा, शाक्य एवं मौर्य समाज के चार जून को विद्याधरनगर स्टेडियम में 4 जून को होने वाले माली महासंगम की तैयारियों को लेकर की गई। आगुंतक अतिथियों ने माली महासंगम को सफल बनाने के लिए पंचायत स्तर से लेकर गांव ढाणी वार्ड नगर तक सम्पर्क कर महासंगम में चलने का आव्हान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महासंगम प्रभारी गुलाब चन्द इन्दौरा ने कहा कि माली समाज हमेशा उपेक्षा का शिकार रहा है। सभी राजनैतिक पार्टियों ने इसकी उपेक्षा ही की है। लेकिन इसका जवाब अब माली समाज जरूर देगा। इसी क्रम में बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्व विद्यालय के छात्र नेता किरोड़ी लाल सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में गिनती सिर मुंडवाने की नही बल्कि सिर गिनवाने की होती है। आज समूचे प्रदेश में माली समाज बहुतायत में होने के बावजूद हमारा समाज हर क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। जिसके कही न कही जिम्मेदारी हम स्वयं भी है।

वहीं सैनी समाज फुलेरा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी ने कहा कि हमारी प्रमुख मांगे ये है कि हमे भी जनसंख्या के आधार पर आरक्षण दिया जाए, ओबीसी आरक्षण 21 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए, फुले दम्पति को भारत रत्न से नवाजा जाए, प्रत्येक जिलों में छात्रावास के लिए भूखण्ड आवंटित किया जाए, प्रतिभावान छात्राओं को छात्रवृत्ति, साईकिल, स्कूटी देने व उच्च शिक्षा निशुल्क करने, नए संसद भवन में भी पुराने भवन की तरह महात्मा फुले व सावित्री बाई फुले की मूर्ति स्थापित करने, विश्वविद्यालयों में महात्मा फुले व सावित्री बाई फुले के नाम से शोधपीठ का गठन करने , ज्योतिबा फुले बोर्ड के लिए अलग से बजट जारी करने समेत कई मांगे है। इस दौरान आगुंतक राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा फुलेरा में माली महासंगम के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन फुले संस्था महामंत्री योगेन्द्र गहलोत ने किया। इस मौके पर महन्त भंवर लाल बागवान, महन्त सत्यनारायण महाराज, माली समाज महामंत्री महेन्द्र गढ़वाल, पार्षद अमर चन्द सैनी, ताराचन्द माली, मदन गढ़वाल, मनोनित पार्षद गौरीशंकर सैनी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शिवचरण सैनी, फुले संस्था अध्यक्ष राजकुमार सैनी, तेजकरण बड़ीवाल, पांचूराम सतरावला, सीताराम ढलवाल, कैलाश पापटवान, हीरालाल टुंडवाल, गौरव सैनी, रामनिवास मालाकार सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### वैभव ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

**चाकसू, (निसं)।** गुरुवार को कला वर्ग के घोषित परिणाम में कस्बे के राजकीय विद्यालय एवं आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य रामलाल मीणा ने बताया कि छात्र वैभव शर्मा पुत्र दिनेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम छादेंल कला तहसील चाकसू ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सरकारी विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान सहाय मीणा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाकसू का परीक्षा परिणाम कला वर्ग का ही नहीं अपितु विज्ञान वर्ग, कृषि विज्ञान वर्ग का भी सर्वोत्कृष्ट रहा है। उन्होंने प्रधानाचार्य रामलाल मीणा को बधाई एवं छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं आदर्श शिक्षा समिति द्वारा संचालित कस्बा स्थित उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर चाकसू, कक्षा 12 कला वर्ग बोर्ड परीक्षा परिणाम 2023 में विद्यालय के छात्रा सरिता मीणा ने 94 .20 प्रतिशत, निशा गुर्जर 92..40 प्रतिशत, हिमांशी सोनी 90 . 80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने टॉपर विद्यार्थियों के घर पहुंच कर विद्यार्थियों को बधाई प्रस्तुत कर प्रोत्साहित किया और माता-पिता का सम्मान किया।

## सार-समाचार

### धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** अलवर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन में देशपाल यादव इसरोदा एवं नीरज यादव निवासी सानौली के चुने जाने से अलवर के फूल बाग में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत किया। भंवर जितेंद्र सिंह के करीबी रहे जयराम गुर्जर ने बताया कि मेजर ओपी यादव के करीबी रहे कृष्ण यादव के देशपाल यादव इसरोदा के यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नीरज यादव निवासी सानौली के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेस सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह एवं कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली राजस्थान सरकार तथा अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव दीनबंधु, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कविता मेजर ओपी यादव, आरसी यादव बहरोड़ द्वारा बड़ी माला के साथ स्वागत किया।

### कला वर्ग में बेटियों ने परचम लहराया



**मालपुरा, (निसं)।** गुरूवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित किये गये कक्षा 12 के कलां वर्ग के परीक्षा परिणामों में जिलेभर में मालपुरा की बेटियों ने अपना परचम लहराया है। सरकारी विद्यालयों की अपेक्षा निजी विद्यालयों के परिणाम शत-प्रतिशत रहे। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा की छात्रा अवन्तिका शर्मा ने 96.20, शिवानी स्वामी ने 94.40, प्रीती जांगिड ने 94.00 प्रतिशत तो अंजली विजय व रिषिता जैन ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया तो तिलक बाल विद्यापीठ के रहे शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम में खुशबु सैनी ने 93.80 प्रतिशत, कुनाल खारोल ने 90.60 प्रतिशत, अंकित धौबी ने 89.80 प्रतिशत, अंक प्राप्त किये। तो विद्यालय के कुल 39 विधार्थियों में 30 प्रथम श्रेणी व 9 द्वितीय श्रेणी से उर्तीण हुए। इसी क्रम में कांटोली विद्यालय का भी परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सरकारी व गैर सरकारी परीक्षा परिणामों में बेटियों ने अपना परचम लहराया। मुस्लिम मॉर्डन विद्यालय के मेहविष इकराम ने 91.60प्रतिशत, साहिल नागोरी ने 90.40 प्रतिशत,कुलसुम आरीफ ने 90.00 प्रतिशत, साहिबा जुम्मा ने 89.80 प्रतिशत, अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### पिंकी सैनी तहसील टॉपर रही



**नारायणपुर, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं कला वर्ग के जारी परिणाम में गुरुवार को कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित बाल भारती सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा पिंकी सैनी 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नारायणपुर तहसील टॉपर रही है। उन्होंने तहसील टॉपर रहकर अपने माता-पिता, स्कुल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिंकी सैनी ग्राम पंचायत गढ़ी मामोड़ की छोटी सी ढाणी रामशाला की रहने वाली है। पिंकी मध्यम परिवार से आती हैं उनके पिता दिल्ली में रहकर स्क्रेप का कार्य करते है तथा माता गृहणी हैं। छात्रा पिंकी सैनी ने बताया कि वह नियमित 6 घंटे पढाई करती थी और वह भविष्य में आईएएस बनना चाहती हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय विद्यालय स्टाफ और परिजनों को दिया है। पिंकी सैनी नारायणपुर उपखंड की टॉपर होने पर उनके विद्यालय के स्टाफ ने उनके घर पहुंचकर माला पहनाकर स्वागत किया है और उनके परिवार को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। गढ़ी मामोड़ सरपंच धाफली देवी व ग्रामीणों ने होनहार छात्रा के घर पहुंचकर बधाई दी है। इस मौके विद्यालय प्रधानाचार्य महिपाल यादव, निदेशक मुकेश चन्द यादव, पूर्व उपप्रधान मातादीन गुर्जर, उपसरपंच रामसिंह सैनी, बलबीर उर्फ़ झाबर गुर्जर, सुनील शर्मा, कैलाश मीणा आदि मौजूद थे।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**मालपुरा, (निसं)।** खारोल समाज की ओर से शहर के गांधी पार्क के पास मां शाकम्भरी देवी मंदिर में गुरूवार को भैरूजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज अध्यक्ष कुंज बिहारी खारोल सहित गणमान्य नागरिकों ने मूर्ति प्रतिष्ठा के लिए हवन यज्ञ सहित सभी धार्मिक कार्यों में सहभागी बन भैरूजी की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न करवाया गया। इसी क्रम में क्षैत्र के दतोब गांव में भी विशाल कलश यात्रा के साथ शिव महापूराण कथा महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। पंडित कृष्ण मुरारी महाराज व्यास पीठ से 25 मई से 1 जून तक शिव महापूराण की कथा का वाचन करेंगे।

### कला कौशल शिविर का निरीक्षण किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला सीकर के तत्वाधान में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल श्रीमाधोपुर में चल रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कला कौशल शिविर का जिला कमिश्नर मुकेश कुमार सैनी ने गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त कक्षाओं का अवलोकन किया अवलोकन के पश्चात उन्होंने कहा की श्रीमाधोपुर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम शिविर नियमानुसार संचालित है ।सभी कार्यक्रम समय विभाग चक्र अनुसार करवाए जा रहे हैं । निरीक्षण करने के पश्चात उन्होंने सभी प्रशिक्षण प्रदाता को धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही अधिक से अधिक संख्या में पंजीकृत करवाने की पुरजोर कोशिश करने पर जोर दिया । इस अवसर पर शिविर संचालक गोकुल जांगिड़ ,योग शिक्षक सतवीर सिंह, ब्यूटीशियन सोनिया शर्मा ,मेहंदी ममता शर्मा, डांस रोजगार ला स्पोकन इंग्लिश प्रकाश पाराशर, कंप्यूटर विज्ञान देशराज इत्यादि उपस्थित रहे।

# गृह राज्यमंत्री यादव ने विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया



गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने पंचायत समिति पावटा में विभिन्न स्थानों पर लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रमों में शिरकत की।

■ महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया

**पावटा, (निसं)।** गृह राज्यमंत्री एवं कोटपूतली विधायक राजेंद्र सिंह यादव गुरुवार को विराटनगर क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान पंचायत समिति पावटा में विभिन्न स्थानों पर लोकार्पण एवं उद्घाटन कार्यक्रमों में शिरकत की।

वहीं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टसकोला में भामाशाह स्व. फूल चंद हुल्डाहुल्डा की धर्मपत्नी तीजा देवी के सुपुत्रो भैरू हुल्डा, लाल चंद हुल्डा, डॉ. हरी हुल्डा, डॉ. सतीश हुल्डा द्वारा अनुमानित 9 लाख की लागत से निर्माण करवाये कक्षा कक्ष एवं बरामदे का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टसकोला सरपंच श्रवण देवी द्वारा की गई। इस दौरान गृह राज्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, यह सरकार की सर्वाच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

वहीं भौनावास में कब्रिस्तान से होली चौक तक 18 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन व राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन भौनावास में कोविड वार्ड का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर कमलजीत सिंह अनिल सिंह पुत्र करण सिंह ने श्मशान घाट पर टीन सैड, बैठने के लिए बेंच, पानी की टंकी बनाने की घोषणा की। इस दौरान गृह राज्य मंत्री ने टसकोला ग्राम पंचायत में आयोजित महंगाई राहत शिविर का निरीक्षण किया। गृह राज्य मंत्री ने शिविर में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया कि राज्य सरकार द्वारा आमजन के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रखी है। जिसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को मिल रहा है। आयोजित कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी बी एल स्वामी, तहसीलदार ओम प्रकाश गुर्जर, विकास अधिकारी राकेश वर्मा सहित विभागों के अधिकारी व बडी संया में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस दौरान टसकोला सरपंच प्रतिनिधि भैरू हुल्डा, भोनावास सरपंच प्रतिनिधि सवाई सिंह, पंडितपुरा सरपंच मनोज वर्मा, द्वारिकपुरा सरपंच रोहिताश बायला, लाडाकाबास पूर्व सरपंच मदन यादव, कांग्रेस जिला महासचिव बजरंग लाल यादव, हंसराज सिंह, कमलजीत सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच राजपाल सिंह, बिशन सिंह, गोपाल सिंह, महेंद्र योगी, युवराज सिंह, अनिल सिंह, रजनीश सिंह, प्रदीप सिंह, गजेंद्र सिंह, दशरथ गुरुजी, नितेश योगी, सोनू सिंह, मूलचंद निरंकारी, नंदू सिंह, सतवीर सिंह, सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अशोका कोचिंग संस्थान ने परचम लहराया

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ नीट कोचिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित करने वाले कस्बा स्थित अशोका कोचिंग संस्थान ने फिर एक बार सफलता का परचम लहराया है।

संस्थान द्वारा शुरू किये गये भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती परीक्षा के प्रथम बैच में संस्थान के 33 विधार्थियों ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब इन सभी अभ्यर्थियों को फिजिकल व मेडीकल की तैयारी करवाई जायेगी। गुरूवार को संस्थान के निदेशक इंजी. राजेश चौधरी, योगेश चौधरी व विक्रम कसाना द्वारा सफल विधार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ सभी अभ्यर्थियों को अगली भर्ती परीक्षा के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। संस्थान ने अपने सभी अनुभवी शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत व परिश्रम से आमजन के बीच संस्थान के विश्वास को बनाये रखा। वहीं अभ्यर्थियों ने भी इसके लिए अशोका कोचिंग का धन्यवाद् ज्ञापित किया है। संस्थान के चौयरमैन शंकर लाल कसाना ने सभी अभ्यर्थियों की सफलता पर उन्हें शुभकामनायें प्रेषित की।

**इनका हुआ चयन :-** अग्निवीर लिखित परीक्षा में बलराम प्रजापत, विकास कुमार, संदीप अधाना, सचिन यादव, दलीप गुर्जर, अनिल कुमार, विकास जाट, साहिल धनकड़, राकेश कुमार गुर्जर, आनन्द सिंह, प्रदीप कुमार, अनीत छेपट, राकेश शर्मा, अमित यादव, यादराम, अमित, सुरजीत यादव, योगेश, हुकुम सिंह, विक्रम, मोहित, राजकुमार, ललित कुमार, भुवनेश्वर, अजीत सैनी, प्रमोद सैन, भीमसिंह जाट, प्रमोद कुमार, महेन्द्र जाट, हवासिंह, अजीत जाट, कुलदीप, नवीन आदि ने सफलता प्राप्त की है।

### महासंगम को लेकर बैठक

**कोटपूतली, (निसं)।** आगामी 04 जून को राजधानी जयपुर में प्रस्तावित माली महासंगम की तैयारियों को लेकर गुरूवार को कस्बा स्थित सैनी सभा भवन पर सैनी सभा संस्था एवं सैनी आरक्षण संघर्ष समिति कार्यकारिणी की बैठक राकेश सैनी व हनुमान सैनी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महासंगम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने को लेकर चर्चा करते हुए जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। इसके लिए दस बसों की व्यवस्था की गई है। साथ ही आगामी 28 मई को समाज बंधुओं व संगठनों की आवश्यक बैठक का आयोजन भी सभा भवन पर किया जायेगा। बैठक में बिड़दी चंद सैनी, रामकुमार सैनी, नत्थुराम अमीन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विराटनगर व पावटा-प्रागपुरा पालिका क्रमोन्नत

**पावटा, (निसं)।** विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर विराटनगर व पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका को क्रमोन्नत किया गया।

राजस्थान सरकार के बजट घोषणा की क्रियान्विती में सरकार ने विराटनगर व पावटा- प्रागपुरा नगरपालिकाओं को सी श्रेणी में क्रमोन्नत किया है। दोनों ही नगरपालिका वर्तमान में डी श्रेणी में थी। विधायक इन्द्राज गुर्जर ने बजट 2023-24 में सरकार से इन दोनों नगरपालिकाओं को क्रमोन्नत करने की मांग की थी। दोनों नगरपालिका ऋमोन्नत होना क्षेत्र के लिए बडी उपलब्धि है। इसी प्रकार विधायक इंद्राज गुर्जर ने पावटा, प्रागपुरा व कूनेड की जनता मांग पर इन तीनों पंचायतों को मिलाकर 3 साल पहले यहां नगरपालिका बनवायी। जिसका नाम पावटा-प्रागपुरा रखा गया। इसका भी जब गठन किया तो डी श्रेणी का दर्जा दिया गया था। लेकिन नगरपालिका के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए विधायक गुर्जर ने इस बजट में इस नगरपालिका को भी सी श्रेणी में क्रमोन्नत करने की मांग की थी। जिस पर सरकार ने इसी बजट में इसको ऋमोन्नत करने की घोषणा की थी। जिसकी क्रियान्विति में अब इसको सी श्रेणी में क्रमोन्नत करने के आदेश स्वायत्त शासन विभाग ने जारी किये हैं।

# ओ.एस.डी. शुभम चौधरी क्षेत्र के दौरे पर रहीं

**कोटपूतली, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विगत बजट में प्रदेश में नये 19 जिलों की घोषणा के बाद 15 जिलों में राज्य सरकार द्वारा ओएसडी (विशेषाधिकारी) की नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले सहित 15 नये जिलों में ओएसडी लगाये गये है।

■ जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए उपलब्ध सरकारी भवनों का किया निरीक्षण



नवनियुक्त ओएसडी शुभम चौधरी ने जिला स्तरीय कार्यालय उपलब्ध करवाने के लिए निरिक्षण किया।

नवनियुक्त ओएसडी जिले के गठन समेत सीमांकन की समस्त प्रक्रियाओं को पूर्ण कर राज्य सरकार को रिपोर्ट भेजेंगे।

नवीन जिलों की अधिसूचना 30 जून से 15 जुलाई के भीतर जारी किये जाने की सम्भावना जताई जा रही है। ऐसे में प्रत्येक विभाग जिला स्तर पर अपने नोडल अधिकारियों की तैनाती भी कर रहा है। विभिन्न विभागों को जिला स्तरीय कार्यालय उपलब्ध करवाने के लिए उपलब्ध सरकारी भवनों का गुरूवार को ओएसडी शुभम चौधरी ने निरीक्षण किया। ओएसडी शुभम चौधरी ने कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय, डाक बंगला परिसर, सुन्दरपुरा स्थित राजकीय विधालय, मोरीजावाला धर्मशाला आदि में मौका देखा एवं आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही ग्राम कालुहेड़ा में मिनी सचिवालय के लिए आवंटित 50 बीघा भूमि, पुलिस लाईन के लिए आवंटित 80 बीघा, जिला परिवहन कार्यालय के लिए 20 बीघा, सिविल न्यायालय एवं आवासों के निर्माण व अन्य कार्यालयों के लिए प्रस्तावित भूमि का भी मौका निरिक्षण किया। उल्लेखनीय है कि इन विभागों में जल्द से जल्द तैनाती होगी। इस दौरान एडीएम रविन्द्र शर्मा, एसडीएम सूर्यकांत शर्मा, तहसीलदार अभिषेक सिंह, डीएसपी गौत्तम कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दो निर्धन बालिकाओं का विवाह कराया

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर में संचालित श्रीराम सेवा परिवार ने दो निर्धन बालिकाओं का सहारा बनते हुए उनके विवाह का सम्पूर्ण खर्च वहन कर दोनों बालिकाओं का हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न करवाया।

शहर में संचालित सामाजिक संगठनों में समाजसेवा के क्षेत्र में सबसे अग्रणी श्रीराम सेवा परिवार सेवा संस्था मालपुरा को शहर में दो निर्धन बालिकाओं की शादी में आर्थिक तंगी की मिली जानकारी पर सेवा परिवार से जुड़े सेवकों ने निर्धन बालिकाओं के परिवारजनों से सम्पर्क कर सम्पूर्ण जानकारी जुटाई तो बालिकाओं के परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की जानकारी सामने आने पर रामसेवा परिवार ने दोनों बालिकाओं को विवाह का सम्पूर्ण खर्च उठाने का बीडा उठाया। गणेश पदयात्रा संघ मित्र मंडल मालपुरा ने भी इस पुनित कार्य में सहभागी बनते हुए शादी में भोजन व्यवस्था का सहयोग दिया। रामसेवा परिवार ने पूर्व मे भी इसी प्रकार चार निर्धन बालिकाओं का विवाह सम्पन्न करवा उनका घर बसाने के पुनित कार्य करते हुए आज दो बालिकाओं के विवाह सम्पन्न करवाया है।

# चाकसू नगर पालिका अध्यक्ष के निलंबन को हाईकोर्ट से स्टे मिला



नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा का समर्थकों ने स्वागत किया।

**चाकसू, (निसं)।** ठेकेदार रहने के तथ्य को छुपा कर पार्षद एवं पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ने को लेकर चाकसू नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा को जिला मजिस्ट्रेट ने अयोग्य घोषित करने के मामले में हाईकोर्ट ने राहत देते हुए स्टे दे दिया है।

हाईकोर्ट जस्टिस नरेंद्र कुमार ढड्डा ने यह आदेश अधिवक्ता तनवीर अहमद की याचिका मंजूर करते हुए दिया। वहीं कस्बे में पालिकाध्यक्ष के स्टे की खबर पहुंची तो कांग्रेसियों एवं समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी और पटाखे छोड़कर खुशी व्यक्त की बैरवा को दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा सोशल मीडिया पर भी चर्चा रही।

आपको बता दें कि जिला कोर्ट में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी विनोद राजौरिया ने नगरपालिका अध्यक्ष कमलेश बैरवा के खिलाफ ठेकेदार होने के तथ्य छुपकर चुनाव लड़ने की याचिका दायर की थी जिस पर जिला मजिस्ट्रेट ने विगत 20 अप्रेल को नगरपालिका अध्यक्ष बैरवा को पार्षद व अध्यक्ष पद से अयोग्य घोषित कर दिया था तथा चुनाव विभाग को पार्षद व अध्यक्ष का चुनाव कराने के आदेश दिया था। वहीं दूसरीं ओर पालिकाध्यक्ष बैरवा के अधिवक्ता तनवीर अहमद ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जस्टिस नरेंद्र कुमार ढड्डा के समक्ष स्टे की याचिका दायर की। इस पर जस्टिस नरेंद्र कुमार ने दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए निचली कोर्ट के फैसले पर स्टे दे दिया है। स्टे के बाद नगरपालिका चेयरमैन बैरवा एवं विधायक वेदप्रकाश सोलंकी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नगरपालिका कार्यलय पहुंचे जंहा समर्थकों ने दोनों को फूल मालाओं से लाद दिया।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष अब्दुल हमीद खोखर, पालिका उपाध्यक्ष सीताराम गुर्जर, मुस्लिम नोजवान वेलफेयर सोसाइटी के सचिव इरफान खत्री, पार्षद विक्की सवारियां , फरहा तौसीफ , किरण पवन सवारियां , सत्यनारायण शर्मा , जुगल राजावत , रफीक खान , इरशाद खोखर , करण गुर्जर , पालिका ईओ नगेन्द्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।